preparation which will, upon finalisation, be intergrated with the existing draft. This revised document will then be submitted, through due process, for consideration and approval of the National Development Council.

संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत धनराशियों का जारी किया जाना

1006. **श्री राघव जी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लोकसभा और राज्य सभा के उन सदस्यों की संख्या कितनी है जिनके निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में संसद सदस्य स्थानीय क्षत्र विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 1997-98 को पूरी धनराशि जारी नहीं की गई है;

(ख) उनके लिए वर्ष, 1997-98 की भी पूरी धनराशि अभी तक जारी न किए जाने के क्या कारण हैं जबकि 1998-99 का अगला वर्ष पहले ही शरू हो चुका है; और

(ग) ये राशियां उन्हें कब तक उनके लिए जारी कर दी जाएंगी।

रेल संसदीय कार्य, योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) और (ख) मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत निधियां कार्यों की वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति को ध्यान में रखते हुए दो किश्तों में अवमुक्त की जाती है। तदनुसार वर्ष, 1997-98 के लिए निर्णय लिया गया था कि निधियां उन सांसदों को जारी की जाएंगी जिनके खाते में अस्वीकृत बकाया राशि 50 लाख रुपए से कम हो। इस अनुमोदित मानदंड के अनुसार तथा संबंधित जिला कलेक्टरों से प्राप्त सूचना के आधार पर 790 सांसदों में से 675 सांसद (482 लोकसभा+193 राज्यसभा) तथा 292 सांसद (205 लोकसभा+87 राज्यसभा), निधियों की क्रमशः पहली एवं दूसरी किश्त के अवमोचन के लिए पात्र पाए गए थे। शेष सांसदों को निधियां जारी नहीं कि जा सकी क्योंकि या तो उनके पास अस्वीकृत बकाया राशि 50 लाख रुपए से ऊपर थी या संबंधित जिला कलेक्टरों से सूचना प्राप्त नहीं हुई थी।

(ग) वर्ष, 1997-98 की शेष राशि पात्र सांसदों को वर्ष, 1998-99 के अनुमोदित मानदंडों के अनुसार जारी की जाएगी।

Cost Overrun of PSUs on Account of Rise in Input Costs

1007. SHRI RAMACHANDRAN PILLAI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the cost overrun of PSUs on account of rise in input costs mainly oil, coal and freight traffic?

(b) whether the Govt. had visualised this cost over run before formulating the planning?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS, PARLIAMENTARY AFFAIRS AND PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI RAM NAIK): (a) The Central Sector projects are approved at estimated costs corresponding to the price level existing in the year of approval. As on December, 1997, 454 projects costing Rs. 20 crores and above, monitored by the Department of Programme Implementation, had a total cost overrun of Rs. 21,063 crores including cost overrun on account of rise in input costs of oil, coal and freight traffic as also other factors with respect to their latest approved cost of Rs. 1,46,168 crores.

(b) The increase in cost during the period of construction due to cost escalation including rise in input costs on account of oil, coal, freight traffic and other factors depending upon the nature of a project is visualised by the project authorities and they are included in the revised cost estimates of projects.

सांसद निधि का जारी किया जाना

1008. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सांसद निधि का आबंटन कैलेण्डर वर्ष के आधार पर होता है अथवा वित्तीय वर्ष के आधार पर होता है;

(ख) कैलेण्डर वर्ष 1997 अथवा वित्तीय वर्ष 1997-98 की एक सौ लाख रुपए की नियत राशि में से अब तक कितनी धनराशि जारी की गई है;